घूमता आईना
Ghoomta Aina "Around the World"

SMS Lucknow में फ्रेशर पार्टी का आयोजन

लखनऊ-20अक्टूबर 2024

एस.एम.एस. लखनऊ में फ्रेशर पार्टी का आयोजन

दिनांक 19 अक्टूबर 2024 को एस.एम.एस. लखनऊ द्वारा नये सत्र में प्रवेश लेने वाले छात्र-छात्राओं के स्वागत हेतु वार्षिक कार्यक्रम आगमन-2024 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं के साथ समस्त शैक्षणिक गैरशैक्षणिक एवं निदेशकगण उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारम्भ अपरान्ह् 2:30 बजे संस्थान के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं सचिव श्री शरद सिंह द्वारा द्वीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस कार्यक्रम में सभी छात्र एवं छात्राओं ने सोलो एवं ग्रुप डांस- सिंगिग-रैम्पवॉक एवं मिमिक्री आदि रंगारंग कार्यक्रमों में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर श्री सिंह ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य

नवागंतुक छात्र-छात्राओं का परिचय एवं उनकी कार्यक्रम में अधिक से अधिक सहभागिता सुनिश्चित करना है। जिससे सभी छात्र आपसी सामंजस्य से शिक्षा एवं कैरियर में उच्च कीर्तिमान स्थापित करें। इस मौके पर संस्थान के निदेशक इंचार्ज प्रो0 (डॉ0) आशीष भटनागर- महानिदेशक (तकनीकी) प्रो0(डॉ0 भरतराज सिंह- निदेशक (प्रशासन) डॉ0 जगदीश सिंह- एसोसियेट डायरेक्टर डॉ0 धर्मेन्द्र सिंह रजिस्ट्रार श्री एस0एन0 शुक्ला, अधिष्ठाता-छात्र कल्याण डॉ. पी.के. सिंह, अधिष्ठाता इंजीनियरिंग डॉ. हेमन्त सिंह के साथ-साथ सभी शिक्षकगण- शिक्षणेत्तर एवं स्टाफ उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में मिस्टर एवं मिस फ्रेशर की ट्राफी एवं क्राउन क्रमशः बी.टेक-प्रथम वर्ष के छात्र प्रशान्त शुक्ला एवं रोशनी को दिया गया।

कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु कार्यक्रम प्रभारी डॉ0 पी0के0 सिंह ने समस्त टीम एवं छात्र-छात्राओं को धन्यवाद ज्ञापित किया।

---

https://ghoomtaaina.in/sms-lucknow-organized-the-annual-program-aagaman-2024-to-welcome-the-students-taking-admission-in-the-new-session/